दिन—गुरूवार

दिनांक— 27 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 07.30 बजे से।

अवधि — 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा — सरकार इक्कीसवीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को प्रतिबद्ध।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गंडक बराज का हवाई सर्वेक्षण किया। जलप्रवाह की स्थिति सामान्य है। गंडक नदी से सटे जिलों में सतर्कता बढ़ाई गयी।

03. राज्य सरकार प्रदेश में महिला विश्वविद्यालय की स्थापना करेगी। पीएचडी करने वाली छात्राओं को प्रत्येक महीने दस हजार रुपये की मिलेगी आर्थिक सहायता।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, नवादा, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार इक्कीसवीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खेल विश्वविद्यालयों से लेकर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों तक, देशभर में ऐसा खेल ढांचा विकसित किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों की प्रतिभा को हर स्तर पर सहयोग मिले।

——साउंड बाइट——

हमारी सरकार भारत में 21वी सदी का आधुनिक भारत इकोसिस्टम बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज पॉश यूनिवर्सिटी से लेकर आधुनिक ट्रेनिंग सेंटर तक देश में एक ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है जिसमें प्रतिभा को पहचानने से लेकर उसे दुनिया के मंच तक पहुंचाने तक हर स्तर पर सहयोग मिले।

प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलों से जीवन बदलता है और देश का गौरव बढ़ता है।

——साउंड बाइट——

जब मैं स्पोट्स की बात करता हूं, तो ये केवल मैडल जीतने तक सीमित नही है। ये विकसित भारत के निर्माण में भारत की खेल शक्ति और भारत की युवा शक्ति को एक साथ जोडने का अभियान है। मैं हमेशा कहता आया हूं जो खेलें वो खिलें और खेलें में खेलना सिर्फ मैदान पर जीतना नही है खेल में खेलना का मतलब व्यक्ति का खिलना और देश का गौरव बढाना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लाल किले की प्राचीर से पांच से पंद्रह वर्ष की आयु के बच्चों में खेल प्रतिभा खोजने के लिए बड़े प्रतिभा खोज अभियान की घोषणा की थी।

——साउंड बाइट——

लाल किले से मैंने 5 साल की उम्र से 15 साल की उम्र के खिलाडियों की पहचान करने के लिए एक बडे टैलेंट हंट अभियान का ऐलान किया है और इसमें भी हमें केवल यह नही देखना है कि किस बच्चे की किस खेल में रूचि है बल्कि यह भी देखना है कि कौन सा बच्चा किस खेल के लिए फिट है हमें उस हिसाब से ही उन बच्चों को ट्रेनिंग देनी होगी।

——————————————————————————

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राज्य के सभी जिलों में खेलो इंडिया संवाद – खेल की बात प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम में छात्रों और लोगों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के बाद छात्रों ने कहा कि ऐसी पहल युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ी बनने के लिए प्रेरित करती है। साथ ही जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

——वॉक्सपॉप——

——————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना के बापू सभागार में जीविका की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहा कि राज्य में महिला विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएचडी करने वाली छात्राओं को सरकार चार साल तक प्रत्येक महीने दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता देगी।

——साउंड बाइट——

श्री चौधरी ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आज पांच लाख जीविका दीदियों के खाते में कुल छह सौ करोड़ रुपये की सहायता राशि अंतरित की।

——साउंड बाइट——

मुख्यमंत्री ने चार लाख जीविका दीदियों को पहली किस्त के रूप में दस–दस हजार रुपये, जबकि एक लाख जीविका दीदियों को दूसरी किस्त के रूप में बीस–बीस हजार रुपये उनके खातों में अंतरित किये। कार्यक्रम में दस हजार महिला लाभुकों को जीविका निधि से पचास करोड़ रुपये का ऋण भी वितरित किया गया।

——————————————————————————

मुख्यमंत्री ने समृद्ध महिला–समृद्ध बिहार अभियान का शुभारंभ किया। वहीं, नशामुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत मद्य निषेध उत्पाद और

निबंधन विभाग तथा प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किये गए। श्री चौधरी ने कहा कि नशा किसी भी परिस्थिति में सही नहीं है।

––साउंड बाइट––

इधर, एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मगध महिला कॉलेज, पटना में साइंस ब्लॉक के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी और छात्राओं से संवाद भी किया।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

नेपाल में आई बाढ़ को देखते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज वाल्मीकिनगर गंडक बराज का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने स्थल निरीक्षण कर गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर की स्थिति की समीक्षा भी की। श्री चौधरी ने जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी के साथ विभाग के अधिकारियों से बराज और तटबंधों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

––साउंड बाइट––

बाढ़ की आशंका को देखते हुये पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली सहित गंडक नदी से सटे जिलों में सतर्कता बढ़ा दी गयी है। जल संसाधन विभाग के अनुसार वाल्मीकिनगर गंडक बराज के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गयी है, लेकिन देवाघाट क्षेत्र में हुई बारिश के चलते एक बार फिर नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। विभाग के अभियंताओं ने बताया कि आज दिन के बारह बजे एक लाख छह हजार छह सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बराज की स्थिति सामान्य है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

पूर्वी चंपारण जिले से हमारे संवाददाता ने बताया है कि बाढ़ को देखते हुए चार प्रखंडों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। एक रिपोर्ट

––साउंड बाइट––

जिले के अरेराज, पहाड़पुर, संग्रामपुर और केसरिया अंचल के अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं। गंडक और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क किया जा रहा है। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के अनुसार जिले में चार सरकारी नाव, एक सौ पैंसठ निजी नाव, सात मोटर वोट समेत अन्य सामान तैयार रखे गए हैं। जिला प्रशासन ने एक जिला आपातकालीन संचालन केंद्र बनाया है, जो चौबीसों घंटे कार्यरत है। इसका हेल्पलाइन नम्बर– **शून्य छह दो पांच दो दो चार दो चार एक आठ** है। बाढ़ से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए इस पर संपर्क किया जा सकता है। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्वी चंपारण से आलोक कुमार की रिपोर्ट के साथ राहुल कुमार।

———————————————————————————

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल– एन.डी.आर.एफ. के अनुसार नेपाल में विनाशकारी बाढ़ का बिहार और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों पर अभी तक कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है। बल के महानिरीक्षक नरेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि बिहार में एनडीआरएफ की नौ टीम तैनात की गयी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकि नगर में भारत–नेपाल सीमा पर गंडक नदी पर बने पहले बांध की निगरानी की जा रही है। महानिरीक्षक ने बताया कि अतिरिक्त बचाव दल की चार टीम को तैयार रखा गया है।

———————————————————————————

नेपाल में बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने समस्तीपुर मंडल में हाई अलर्ट जारी किया है। रेलवे ने पुल, पुलिया, ट्रैक और रेलखंडों की निगरानी बढ़ा दी है। मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने बताया कि रेल अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी तरह सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है।

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता बनी हुयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर के सबौर में सबसे अधिक एक सौ चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, नवादा, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान तेज हवा भी चलने की संभावना है।

––साउंड बाइट––

———————————————————————————

बिहार विधान सभा के विस्तारित भवन में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, राष्ट्रीय संगोष्ठी, काव्य गोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर. प्रेम कुमार ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भावना, संस्कृति और राष्ट्रीय अभिव्यक्ति की सशक्त माध्यम है। नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने कहा कि हिंदी को शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, अभियांत्रिकी और प्रतियोगी परीक्षाओं में व्यापक रूप से उपयोग करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ‘राजभाषा दर्पण’ स्मारिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर हिंदी के क्षेत्र में योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया।

——————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि टीआरई–फोर  परीक्षा एकल चरण में ली जाएगी। इसके साथ ही 9 अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए हैं। श्री चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार ने विभिन्न परीक्षाओं में सुधार के लिए एक विशेषज्ञ समिति" का गठन किया है। उन्होंने कहा है कि पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित यह समिति विभिन्न परीक्षाओं से संबंधित छात्रों की शिकायतों की भी सुनवाई करेगी। सरकार ने छात्रों की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए "विद्यार्थी सहयोग पोर्टल" एवं "विद्यार्थी सहयोग शिविर" की शुरुआत की है।

——————————————————————————

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने भारतीय महिला रग्बी टीम की घोषणा की है। टीम में नवादा की आरती कुमारी और मुजफ्फरपुर की गुड़िया कुमारी का चयन किया गया है। जापान में उन्नीस सितम्बर से आयोजित होने वाले बीसवें एशियन गेम्स में दोनों खिलाड़ी भाग लेंगी। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन नवादा के सचिव विक्रम कुमार ने बताया कि आरती खेल कोटे से बिहार पुलिस में दरोगा के पद पर चयनित हो चुकी हैं।

——————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – सरकार इक्कीसवीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को प्रतिबद्ध।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गंडक बराज का हवाई सर्वेक्षण किया। जलप्रवाह की स्थिति सामान्य है। गंडक नदी से सटे जिलों में सतर्कता बढ़ाई गयी।

03. राज्य सरकार प्रदेश में महिला विश्वविद्यालय की स्थापना करेगी। पीएचडी करने वाली छात्राओं को प्रत्येक महीने दस हजार रुपये की मिलेगी आर्थिक सहायता।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, नवादा, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।